भारत सरकार
संस्कृति मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या: 5261
उत्तर देने की तारीख: सोमवार, 04 अप्रैल , 2022
14 चैत्र, 1944 (शक)

होयसला मंदिर को यूनेस्को की सूची में शामिल करने का प्रस्ताव

5261. श्री प्रज्ज्वल रेवन्ना:

क्या **संस्कृति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या कर्नाटक में बेलूर के होयसला मंदिर, हासन जिले के हलेबिदु और मैसूर के सोमनाथपुर को यूनेस्को के विश्व धरोहर स्थलों के रूप में सूचीबद्ध किए जाने का प्रस्ताव है;

(ख यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) केंद्र और यूनेस्को द्वारा ऐसे स्थलों को बेहतर संरक्षण हेतु दिए जाने वाले संभावित विस्तृत लाभ और धनराशि क्या है?

उत्तर
संस्कृति, पर्यटन और पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री
(श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) और (ख) : जी, हां । भारत सरकार ने वर्ष 2022-23 के विचारार्थ विश्व विरासत केंद्र, पेरिस को क्रमिक संपत्ति 'होयसल के मंदिर' का नामंकन डोजियर प्रस्तुत किया है जिसमें (1) चेन्नकेशव मंदिर, बेलूर (2) होयसलेश्वर मंदिर, हलेबिदु और (3) केशव मंदिर, सोमनाथपुर शामिल हैं।

(ग): ये तीनों केंद्रीय संरक्षित स्मारक हैं और इनका संरक्षण तथा अनुरक्षण भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा किया जाता है। विश्व विरासत स्थल के रूप में किसी संपत्ति के शामिल होने से आसपास के क्षेत्रों के पर्यटन और विकास में बढ़ोतरी होती है और इससे स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर प्राप्त होते हैं।